देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 212 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 26 नवंबर 2021

**विचार-प्रवाह...**बदला समाधान नहीं है






मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 13.0° | 32243.39

2 लेदर कोट की नकल से भड़का तानाशाह

7 श्रेयस अय्यर ने टीम को मुश्किलों से उबारा

# एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट का शिलान्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जेवर। पीएम नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को यहां नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शिलान्यास किया। उन्होंने इस एयरपोर्ट के जरिए बिजनेस से लेकर विकास तक का खाका खींचा। पीएम ने कहा कि इस एयरपोर्ट से पश्चिमी यूपी का अचार से लेकर सब्जी तक समय से एक्सपोर्ट किया जा सकेगा। पीएम मोदी ने कहा कि इसके जरिए आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार का उत्तर प्रदेश को यह बड़ा तोहफा है।

**मुरादाबाद का अचार से लेकर आगरा के पेठे का होगा एक्सपोर्ट** पीएम ने कहा कि मेरठ की स्पोर्ट्स इंडस्ट्री, मुरादाबाद का पीतल और अचार उद्योग, आगरा का फुटवेयर और पेठा और पश्चिमी यूपी के अनेक एमएसई को भी विदेशों में जाने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब कोई जगह हवाई संपर्क से जुड़ता है तो वहां के लोगों को इसका सीधा फायदा मिलता है। इस एयरपोर्ट से पश्चिमी यूपी के स्थानीय उद्योग को बड़ी मदद मिलेगी।

**बिजनेस का भी खींच दिया खाका:** पीएम मोदी ने कहा कि एग्रीकल्चर क्षेत्र में पश्चिमी यूपी की अहम साझेदारी है। ये इंटरनेशनल एयरपोर्ट एक्सपोर्ट के बहुत बड़े केंद्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों को सीधे कनेक्ट करेगा। यहां के किसान साथी, विशेष रूप से छोटे किसान, फल, मछली और सब्जी जैसी जल्दी खराब होने वाली चीजों को सीधे एक्सपोर्ट कर सकेंगे।

**दिल्ली-एनसीआर के लोगों को मिलेगा बड़ा लाभ:** पीएम मोदी ने कहा कि इस एयरपोर्ट का बहुत बड़ा लाभ दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी यूपी के करोड़ों लोगों को होगा। 21 वीं सदी का नया भारत आज एक से बढ़कर एक बेहतरीन इंफ्रस्ट्रक्चर का निर्माण कर रहा है। बेहतर सड़कें, बेहतर रेल नेटवर्क, बेहतर एयरपोर्ट सिर्फ केवल बेहतर इंफ्रा नहीं होते हैं बल्कि पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर देते हैं। लोगों का जीवन पूरी तरह बदल देते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि जब एयर कनेक्टिविटी बढ़ती है तो टूरिज्म भी उतनी ही तेजी से बढ़ता है। माता वैष्णोदेवी में ऐसे ही देखना को मिला है। पश्चिमी यूपी में टूरिज्म और आस्था से जुड़े चीजों के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी यही काम करेगा। पीएम ने कहा कि एशिया के इस सबसे बड़े एयरपोर्ट से राज्य में विकास का रास्ता और तेजी से बढ़ेगा।

## 3 चरणों में होगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण

**यूपी के लोगों को दी बधाई**

मोदी ने कहा कि यूपी के कोटि-कोटि भाई और बहनों को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के भूमि पूजन की बहुत बधाई। आज इस भूमि पूजन के साथ ही दाऊजी मेले के लिए प्रसिद्ध जेवर भी अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर अंकित हो चुका है।



### कई शहरों से जुड़ जाएगा पश्चिमी यूपी

पीएम मोदी ने कहा कि इस एयरपोर्ट से निकलते ही यमुना एक्सप्रेस-वे आ जाएगा। कुछ दूरी पर पेरिफेरल एक्सप्रेस- वे के जरिए जुड़ जाएंगे। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे भी इसके पास होगा। पीएम ने कहा कि गरीब हो या किसान, मध्यम वर्ग हो या मजूदर या फिर उद्यमी। हर किसी को इसका बहुत लाभ मिलता है। अब दिल्ली-मुंबई ऐक्सप्रेस-वे भी तैयार होने वाला है। इससे भी काफी लाभ मिलेगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तरी भारत का बड़ा लॉजिस्टिक हब बनेगा।

### जेवर एयरपोर्ट की खासियत जानिए

3 चरणों में होगा नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट का निर्माण, 1334 हेक्टेयर में प्रथम चरण का निर्माण होगा। 6200 हेक्टेयर में दो टर्मिनल और 5 रनवे बनेंगे। 40 एकड़ में बनाया जाएगा। विमानों की मरम्मत के लिए मेंटिनेंस, रिपेयरिंग और ओवरहॉलिंग (एमआरओ) सेंटर। 29 सितंबर 2024 से पहले एक रनवे के साथ प्रारंभ हो जाएगी नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट से उड़ान 178 विमान इस एयरपोर्ट पर एक साथ खड़े हो सकेंगे। एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा 40 साल के लिए नोएडा एयरपोर्ट के संचालन की जिम्मेदारी ज्यूरिख एयरपोर्ट को दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका में मिला कोरोना का नया वैरिएंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीकी वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस के एक नए वैरिएंट का पता लगाया है। नेशनल इंस्टीट्यूट फार कम्युनिकेबल डिजीज ने गुरुवार को बताया कि वैज्ञानिक दक्षिण अफ्रीका में पाए गए इस नए कोरोना वैरिएंट के संभावित प्रभावों को समझने के लिए काम कर रहे हैं। एनआईसीडी ने कहा कि जीनोमिक सीक्वेंसिंग के बाद वेरिएंट बी 1.1.529 के 22 मामले दर्ज किए गए हैं।

### देश के इन हिस्सों के लिए जारी हुआ बारिश का अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में अभी भी धुंध के चलते वायु प्रदूषण बढ़ा हुआ है। दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता अगले दो दिनों तक खराब रहेगी। इसके बाद 27 नवंबर से मामूली सुधार दर्ज किया जाएगा। इस बीच देश के कई हिस्सों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

# कृषि कानून रद्द करने से नहीं होगा समाधान

## ट्रैक्टर मार्च पर अड़े किसान संगठन, जारी रहेगा प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने तीनों केंद्रीय कृषि कानूनों को रद करने को लेकर अजब बयान दिया है। राकेश टिकैत ने बृहस्पतिवार को तेलंगाना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार ने तीनों कृषि कानूनों को रद करने का फैसला किया है, लेकिन इससे समाधान नहीं होगा। किसानों की जो समस्या है, वह वैसी की वैसी है। जब तक केंद्र सरकार किसानों से बातचीत नहीं करेगी और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून नहीं लाएगी, तब तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा।

किसान नेता राकेश टिकैत ने बताया कि, किसान आंदोलनकारियों की ओर से हमने सरकार के समक्ष मांगे रखीं हैं। सरकार उन मांगों को पूरा करे, इसके लिए उसे हमने 26 जनवरी तक का समय दिया है। हमारा धरनास्थल खाली नहीं होगा, बल्कि आने वाले 29 नवंबर को हम किसान भाइयों के साथ 60 ट्रैक्टर लेकर संसद भवन की ओर मार्च करेंगे। यहां पर बता दें कि तीनों केंद्रीय कानूनों वापस लेने का ऐलान खुद पीएम मोदी ने 19 नवंबर को किया था। इस पर संयुक्त किसान मोर्चा ने खुशी तो जताई लेकिन 6 अन्य मागों का पिटारा भी खोल दिया। इसमें एमएसपी पर कानून बनाने की मांग प्रमुख है।

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा तीनों केंद्रीय कृषि कानूनों को वापस लेने पर किसान नेता राकेश टिकैत ने टिप्पणी की थी। इसमें उन्होंने कहा था ये सही है कि सरकार ने हमारी बात सुन ली है, लेकिन आंदोलन अभी जारी रहेगा। उन्होंने कहा है कि एमएसपी पर हमारी मांग पूरी होनी अभी बाकी है।

राकेश टिकैत के अनुसार आंदोलन समाप्त नहीं होगा। जो मांगे हैं, वह बरकरार हैं। सरकार कुछ भी कहती रही, नीतियां बदलती रही, लेकिन जब तक किसान और सरकार की मीटिंग नहीं होगी, आंदोलन खत्म करने के कोई संकेत नहीं हैं। इन मुद्दों पर बातचीत होनी चाहिए।

### शहीद हुए किसानों की भी बात की जाएगी

राकेश टिकैत का कहना है कि सरकार को पिछले दिनौं पत्र जारी किया था। बातचीत के लिए प्रधानमंत्री ही आकर संबोधन करेंगे। देश कोई बाहर का नहीं, जो किसान शहीद हुए हैं, उनकी भी बात की जाएगी। तमाम ऐसे मुद्दे हैं। तकरीबन मुद्दे हमारे बहुत अधिक हैं, जब बातचीत शुरू होगी तो मुद्दे भी निकल कर आएंगे।

# सिद्धू ने दी अपनी ही सरकार को चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने एक और गुगली फेंककर पंजाब के मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सिद्धू ने गुरुवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए अपनी ही सरकार के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है। सिद्धू ने कहा कि अगर पंजाब सरकार राज्य में ड्रग्स की समस्या और बेअदबी मामले में तैयार रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं करती है, तो मुझे धरने पर बैठना पड़ेगा।

**फास्टवे पर कार्रवाई की कर चुके हैं मांग:** एक दिन पहले ही पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू केबल टीवी कंपनी फास्टवे को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला था। उन्होंने फास्टवे पर टैक्स चोरी का आरोप लगाते हुए पंजाब सरकार से ठोस कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि पंजाब में केबल टीवी नेटवर्क पर फास्टवे का एकाधिकार समाप्त किया जाए और केबल ऑपरेटरों को इसके चंगुल से मुक्त कराया जाए।

**सिद्धू की जिद के चलते महाधिवक्ता को हटाना पड़ा:** यह पहला मौका नहीं है जब पंजाब में सिद्धू टे चन्नी जैसी लड़ाई देखनी पड़ी हो। बेअदबी और ड्रग्स केस को लेकर पंजाब के महाधिवक्ता एपीएस देओल और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू में भी ठन गई थी। यह सिद्धू का ही दबाव था कि सीएम चन्नी को पंजाब के महाधिवक्ता को हटाना पड़ा। सिद्धू ने कहा था, हमारी कांग्रेस पार्टी बेअदबी के मामलों में न्याय दिलाने के वादे के साथ सत्ता में आई थी, जिसमें आप मुख्य साजिशकर्ताओं की तरफ से हाईकोर्ट में पेश हुए और हमारी सरकार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। एपीएस देओल की जगह सिद्धू की पसंद दीपिंदर सिंह पटवालिया को पंजाब का महाधिवक्ता बनाया गया है।

### चेतावनी

■नशे की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई तो भूख हड़ताल करूंगा

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# रहना होगा हर वक्त चौकन्ना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। भारत चीन और पाकिस्तान के रक्षा गठजोड़ पर करीब से निगाह रखे हुए है। भारत इस बात से भी वाकिफ है कि चीन ने हाल ही में पाकिस्तान को एक वारशिप सौंपा है। दोनों देशों बीच हुई हालिया गतिविधियों पर भी भारत की पूरी नजर है। इसलिए भारत को हर समय चौकन्ना और तैयार रहना होगा। ये बातें नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने प्रोजेक्ट 75 के तहत भारतीय नौसेना को सौंपी गई सबमरीन आईएनएस वेला के जलावतरण के मौके पर कही है।

उन्होंने ये भी कहा कि भारत ने हाल ही में अपने स्वदेशी एयरक्राफ्ट करियर आईएनएस विक्रांत का सफलतापूर्वक समुद्र में ट्रायल शुरू कर दिया है। अगस्त 2022 तक इसको भारतीय नौसेना में शामिल भी किया जा सकता है। एडमिरल करमबीर सिंह ने कहा कि नेवी चीफ के रूप में उनके सामने सबसे बड़ा चैलेंज कोरोना महामारी को लेकर था। इसके अलावा सीमा पर तनाव भी उसी दौरान हुआ था, जिससे हालात खराब हो गए थे और चुनौती बढ़ गई थी।

### चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ पर भारत की पैनी नजर